आदिवासी समुदाये का सिकल सेल एनीमिया कि स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान का आयोजन

महामहिम कुलाधिपति जी की प्रेरणा फलस्वरूप तथा कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल निर्देशन में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा आदिवासी बाहुल्य अंगीकृत ग्राम गोपालपुर बीजाडांडी ब्लॉक जिला मंडला, में सिकल सेल एनीमिया पर जागरुकता अभियान एवं सिकल सेल एनीमिया कि स्क्रीनिंग का आयोजन दिनांक 01.06.2023 गुरुवार को किया गया। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के उद्देश्यों के अनुरूप मध्यप्रदेश में जनजातीय समुदाय के सिकल सेल एनीमिया की व्यापकता की स्थिति में अंगीकृत ग्राम गोपालपुर, में दिशा निर्देशानुसार आयोजित हुआ जिसमें आदिवासी समुदाये में होने वाली अनुवांशिक बीमारी सिकल सेल एनीमिया पर पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों सोम सिंह धाकड़, योगेश, वरुण, सत्यशील, वसीम, संतोष, सत्येंद्र, रमेश, छोटी बाई, अलोक, सचिन, निधि, अंशुल, आकाश, नितिन, शुभम, रश्मि, भूमिका, तृप्ति, आदि द्वारा सिकल सेल एनीमिया पर जागरुकता भी फैलाई। शिविर में मानव जाति एवं पशुओं में होने वाली ज्यूनोटिक बिमारियों पर भी आदिवासी समुदाय को संबोधित किया गया। अभियान में कुल 15 आदिवासियों के खून के सैंपल कि स्क्रीनिंग की गयी, इस शिविर एवं जागरुकता अभियान का संचालन एवं आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा के नेतृत्व एवं वैज्ञानिकों डॉ. रुचि सिंह, डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. सुमन कुमार, डॉ.दीपिका जे.सी, देवेश उपाध्याय, क्षेत्रीय सहायक विजय चौकसे एवं आशीष यादव एवं महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही आदिवासी समुदाये की सिकल सेल एनीमिया कि लिये स्क्रीनिंग में डॉ. के प्रधान, ब्लॉक मेडिकल अफसर एवं बीजाडांडी ब्लॉक मेडिकल टीम की एवं आशा कार्यकर्ता का सहयोग उल्लेखनीय एवं उनकी उपस्थिति सराहनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर